689. निम्न में से कौन सी नदी बाँसवाड़ा जिले में नहीं बहती है?

(a) चैना (b) माही
(c) अन्नास (d) सोम

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (d) : राजस्थान के बाँसवाड़ा जिले में माही, अनास और चैना तीन प्रमुख नदियाँ बहती है।

690.राजस्थान राज्य में किस नदी का अपवाह क्षेत्र न्यूनतम है?

(a) साबरमती (b) माही
(c) वाकल (d) पश्चिमी बनास

उत्तर – (c)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या –वाकल नदी का अपवाह क्षेत्र राजस्थान में उपरोक्त नदियों में सबसे कम है।

नदी		अपवाह क्षेत्र
1. वाकल नदी	-	1,851 वर्ग किमी.
2. प.बनास नदी	-	1,876 वर्ग किमी.
3. साबरमती नदी	-	4,164 वर्ग किमी.
4. माही नदी	-	16,985 वर्ग किमी.

691. निम्नलिखित में से कौनसी नदी नागौर जिले की नहीं है?

(a) लूनी (b) मेन्था
(c) जोजड़ी (d) अलनिया

Junior Instructor Welder Dt. 26.03.2019

Ans. (d) : अलनिया नदी राजस्थान के नागौर जिले में नही बहती है। जबकि लूनी, जोजड़ी और मेन्था नदी नागौर जिले में बहती है। अलनिया नदी मुकिन्दवाड़ा पहाड़ियों के उत्तर पश्चिमी ढलानों से निकलती है और कोटा में नोटाना गांव के पास चंबल में शामिल होने से पहले लगभग 58 किमी. बहती है। अतः अलनिया नदी नागौर जिले में नहीं बहती है।

692. जवाई नदी में जल प्रदूषण कारण है-

(a) वाहितमल
(b) रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग
(c) घरेलू अवशिष्ट
(d) रंगाई और छपाई उद्योग

Investigator Exam Date- 21.08.2016

Ans. (d) जवाई नदी में जल प्रदूषण का प्रमुख कारण रंगाई और छपाई उद्योग है। जवाई नदी का उद्गम उदयपुर में अरावली श्रेणी से होता है। जवाई नदी पर सुमेरपुर (पाली) के पास जवाई बाँध बना हुआ है।

693. साबी नदी के तट पर प्राचीन राजस्थान की सभ्यता का कौनसा स्थल बसा हुआ था-

(a) गिलुंड (b) जोधपुरा
(c) नगरी (d) बरोर

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) प्राचीन राजस्थान की सभ्यता का ''जोधपुरास्थल'' साबी नदी (साहिबी नदी) के तट पर जयपुर जिले में बसा हुआ था। साबी नदी भारत में राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली में बहने वाली एक अल्पकालिक वर्षा आधारित नदी है। इस नदी की लम्बाई लगभग 300 किमी. है। गिलुंड राजस्थान के राजसमंद जिले में बनास नदी के तट पर स्थित एक पुरातात्विक स्थल है। बरोड़ राजस्थान के गंगानगर जिले में घग्गर नदी के तट पर स्थित है।

694. 'डाई नदी' का सम्बन्ध राजस्थान के किस जिले से है?

(a) उदयपुर (b) कोटा
(c) अजमेर (d) दौसा

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (c) 'डाई नदी' का सम्बन्ध राजस्थान के अजमेर जिले से है। यहाँ की अन्य प्रमुख नदियॉ है- साबरमती, सरस्वती, लूनी,खारी, बनास।

695. कोठारी नदी का उद्गम स्रोत है

(a) बिजराल पहाड़ी से (b) दीवेर पहाड़ी से
(c) गोगुन्दा पहाड़ी से (d) पडरार पहाड़ी से

कनिष्ठ अनुदेशक (कोपा) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) कोठारी नदी का उद्गम स्थल दीवेर पहाड़ी (राजसंसद जिला) है, जिसकी लम्बाई लगभग 145 किमी. है, यह भीलवाड़ा में बनास नदी में मिल जाती है।

696. निम्न में से राजस्थान की कौनसी नदी जैसलमेर बेसिन में नहीं गिरती?

(a) बितकी (b) लीलड़ी
(c) सूकड़ी (d) घूघरी

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (b) बितकी, सूकड़ी एवं घूघरी नदियाँ जैसलमेर बेसिन में गिरती है। लीलड़ी नदी का उद्गम पाली जिले में सोजत के पहाड़ों से होता है। यह लूनी नदी की सहायक है।

697. निम्न में से कौन सी नदी अजमेर जिले में प्रवाहित नहीं होती है?

(a) खारी (b) डाई
(c) मानसी (d) बनास

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) मानसी नदी भीलवाड़ा जिले से होकर बहती है, जबकि खारी, डाई व बनास आदि नदियाँ अजमेर जिले से होकर प्रवाहित होती है।

698. निम्नांकित में से कौन सी नदी राजस्थान के पूर्वी मैदान में प्रवाहित नहीं होती है?

(a) मोरेल (b) बाणगंगा
(c) काकनी (d) ढूंढ

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (c) काकनी नदी राजस्थान के पूर्वी मैदान में प्रवाहित नही होती है। यह नदी कोटड़ी की पहाड़ियाँ, जैसलमेर से निकट कुछ ही दूरी तक प्रवाहित होने के पश्चात् मरूस्थलीय भाग में विलुप्त हो जाती है।

699. राजस्थान में निम्नलिखित जिलों में से किसमें, 'द्रव्यवती नदी' जल प्रदूषण से सम्बन्धित समस्याओं का सामना कर रही है?

(a) करौली (b) अलवर
(c) भरतपुर (d) जयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020